ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 12 ]
Total No. of Printed Pages : 12 ]

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 45 ]
Total No. of Questions : 45 ]

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 06-H**

**Code No. : 06-H**

# A

**CCE RR**
**UNREVISED**
**FULL SYLLABUS**

**Question Paper Serial No. 210**

## ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

## Subject : First Language — HINDI

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 12. 06. 2023 ] [ Date : 12. 06. 2023

ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 10-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1-45 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-30 A.M. to 1-45 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100 ] [ Max. Marks : 100

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 45 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।

यहाँ से काटिए

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

**Tear here**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं। उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प को चुनकर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए । 6 × 1 = 6**

1. 'समर्थ' शब्द का विलोम रूप है –

   (A) ससमर्थ (B) असमर्थ

   (C) अमात्य (D) अनर्थ ।

2. 'गायक' शब्द का अन्य लिंग रूप है –

   (A) गायकी (B) गायन

   (C) गायिका (D) गीत ।

3. निम्नलिखित में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

   (A) नचाना (B) सीखना

   (C) लिखना (D) चलना ।

4. 'पैसा' शब्द का अन्य वचन रूप है –

   (A) सिक्का (B) रुपया

   (C) धन (D) पैसे ।

5. निम्नलिखित में से 'वतन' शब्द का पर्यायवाची रूप है –

(A) स्वदेश (B) विदेश

(C) अन्यदेश (D) परदेश ।

6. 'नाक काटना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) भाग जाना (B) नींद आना

(C) अपमान करना (D) तैयार रहना ।

**II. प्रथम दो शब्दों में सूचित संबंध के अनुरूप तीसरे शब्द से संबंधित शब्द लिखिए ।**

**4 × 1 = 4**

7. राजकुमार : तत्पुरुष समास :: दिन-रात : ...................................... ।

8. पुरुषोत्तम : गुण संधि :: इत्यादि : .................................... ।

9. जो अभिनय करता है : अभिनेता :: जो पढ़ा-लिखा न हो : ................... ।

10. मैं जाता हूँ : वर्तमान काल :: मैं जाऊँगा : ........................... ।

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए । 7 × 1 = 7**

11. रुपया लड़कों के लिए क्या है ?

12. गाँधीजी को दक्षिण अफ्रीका क्यों जाना पड़ा ?

13. लोकगीतों के रचनाकार कौन है ?

14. रूसी युवतियाँ कैसे दिखाई दे रही थीं ?

15. नवीन जी के अनुसार किस रोग का विध्वंस करना है ?

16. कवि उधार देने से क्यों डरता है ?

17. नेपोलियन की बहन का नाम क्या था ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दा या तीन वाक्यों में लिखिए । 10 × 2 = 20**

18. गाँधीजी के परिवार का परिचय दीजिए ।

19. रुपया ठाकुर जी से बड़ा है । कैसे ?

20. आजकल लोकगीतों का संग्रह क्यों हो रहा है ?

21. ट्रेन में बोरिस का व्यवहार कैसा था ?

22. कवि ने सवेरे उठते ही क्या-क्या देखा ?

23. नवीन जी के अनुसार जग का नवनिर्माण कैसे करें ?

24. परिश्रम करनेवाले क्या-क्या कर सकते हैं ?

25. अफ्रीकावासी बेडेन पावेल को इम्पासी कहकर क्यों पुकारते थे ?

26. रैदास का नाम रविदास क्यों रखा गया ?

27. 'जिन लोगों के पास आँखें हैं, वे सचमुच बहुत कम देखते हैं ।' हलेन केलेर को ऐसा क्यों लगता था ?

**V. निम्नलिखित लेखक / कवि का परिचय दीजिए । 2 × 3 = 6**

28. हजारी प्रसाद द्विवेदी ।

29. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना ।

**VI. छन्द पहचानकर लक्षण बताइए ।** **3**

30. मधुर वचन ते जात मिट, उत्तम जन अभिमान ।

**VII. अलंकार पहचानकर लक्षण बताइए ।** **3**

31. कंकन किंकिनि नुपूर बाजाहिं ।

**VIII. निम्नलिखित वाक्यों का संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए ।** **4 × 3 = 12**

32. 'आप इस शख्स को जानते हैं ।'

33. आप लोग असुर की कविता तो सुन ही चुके, अब ससुर की कविता सुनिए ।

34. 'मर अभागे, तू मुझे और क्या-क्या दिखाएगा ।'

35. 'मज़हब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना ।'

**IX. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए ।** **3 × 3 = 9**

36. कर्नाटक विद्यावर्धक संघ की प्रगति में वेंकटराव जी के योगदान के बारे में लिखिए ।

37. शीला अग्रवाल ने मन्नूजी को साहित्य की ओर कैसे आकृष्ट किया ? समझाइए ।

38. कबीर के अनुसार साधु को कैसे होना चाहिए ?

**X. निम्नलिखित पद्यांश की पूर्ति कीजिए ।** **4**

39. जग में सुख ...........................................................................

...........................................................................

...........................................................................

.............................................................. को गले लगाना ।

**अथवा**

पैदा कर जिस ...........................................................................

...........................................................................

...........................................................................

.............................................................. स्वजीवन सारा ।

**XI. निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ लिखिए ।** **4**

40. अज्ञानियों से स्नेह करना

मानो पत्थर से चिनगारी निकालना है ।

ज्ञानियों का संग करना,

मानों दही मथकर माखन पाना है

हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु,

तुम्हारे भक्तों का संग करना

मानो कर्पूरगिरि की ज्योति को पाना है ।

**अथवा**

भूख लगी तो गाँव में भिक्षान्न है,

प्यास लगी तो तालाब-कुएँ हैं,

शीत से बचने जीर्ण वस्त्र हैं,

सोने के लिए उजड़े मंदिर हैं,

हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु,

मेरा आत्म-सखा तू ही है ।

**XII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर आठ-दस वाक्यों में लिखिए । 2 × 4 = 8**

41. व्यवस्था में परिवर्तन कैसे किया जा सकता है ? कहानी के आधार पर विवरण दीजिए ।

**अथवा**

प्रामाणिकता सदाचार का प्रथम सोपान है । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

42. सेठ गोविन्द दास की राय में सच्चा धर्म क्या है ? वर्णन कीजिए ।

**अथवा**

पुरुषोत्तम के चरित्र पर प्रकाश डालिए ।

**XIII. गद्यांश पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए । 2 × 2 = 4**

43. महात्मा गाँधी ने सत्य की शक्ति से ही विदेशी शासन को झकझोर दिया । उनका कथन है – 'सत्य एक विशाल वृक्ष है । उसका जितना आदर किया जाता है, उतने

ही फल उसमें लगते हैं । उनका अंत नहीं होता ।' सत्य बोलने की आदत बचपन से ही डालनी चाहिए । कभी-कभी झूठ बोल देने से कुछ क्षणिक लाभ अवश्य होता है, पर उससे अधिक हानि ही होती है । क्षणिक लाभ विकास के मार्ग के लिए बाधा बन जाता है । व्यक्तित्व कुंठित हाता है । झूठ बोलनेवालों से लोगों का विश्वास उठ जाता है । उनकी उन्नति के द्वार बंद हो जाते हैं ।

a) महात्मा गाँधी का सत्य की शक्ति के बारे में क्या कथन है ?

b) झूठ बोलनेवालों की हालत कैसी होती है ?

**XIV. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए ।** **5**

44. कोई कारण बताते हुए चार दिनों की छुट्टी के लिए प्रधानाध्यापक के नाम पत्र लिखिए ।

**अथवा**

पढ़ाइ के महत्व को बताते हुए अपने छोटे भाई के नाम पत्र लिखिए ।

**XV. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 15-20 वाक्यों में निबंध लिखिए ।**

**1 × 5 = 5**

45. i) 75वाँ स्वतंत्रता दिवस

ii) समाचार पत्र ।